## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा पर

रायगढ़। 21 अक्टूबर को थाना कोसीर क्षेत्रान्तर्गत निवासरत युवती ने आरोपी भानू उर्फ धनबोध सारथी (34 वर्ष) के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर 16 अक्टूबर को अपने रिश्तेदार के घर ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज करायी। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना कोसीर में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 223/18 धारा 376 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना दरम्यान 22 अक्टूबर के रात्रि आरोपी को गिरफ्तार कर 23 अक्टूबर को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### जेल में निरूद्ध 2 आरोपियों के स्थायी वारंट तामिल

रायगढ़। 22 अक्टूबर पुलिस चौकी रैरूमा स्टाफ द्वारा उप जेल कटघोरा जिला कोरबा में निरूद्ध आरोपी रवि खंजर पिता राधे खंजर निवासी झक्कड़पुर थाना पत्थलगांव जिला जशपुर जिसके विरूद्ध जेएसएफसी धरमजयगढ़ के द्वारा प्रकरण क्रमांक 298/07 अन्तर्गत धारा 392 ता.हि. में स्थायी वारंट जारी किया गया है तथा जिला जेल कोरबा में निरूद्ध आरोपी जलिंधर यादव पिता स्व. धनेश्वर यादव निवासी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ जिसके विरूद्ध जेएसएफसी धरमजयगढ़ द्वारा प्रकरण क्रमांक 576/07 अन्तर्गत धारा 452, 324, 326 ता.हि. में स्थायी वारंट जारी किया गया है। उक्त दोनों वारंटियों का स्टाफ द्वारा प्रोडक्शन वारंट जारी कराया जाकर 22 अक्टूबर को वारंट की तामिली की गई।

### केलो विहार में अज्ञात शख्स ने की चोरी

रायगढ़। थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत केलो विहार में निवासरत श्रीमती सुषमा हुंडैत पति डॉ अजीत हुंडैत वर्तमान में रायपुर में अपने परिवार सहित रहती है। श्रीमती हुंडैत अपने मकान को टी.आर. एस. सोलंकी को किराये पर दिये हैं 21 अक्टूबर को सोलंकी के ड्रायवर ने फोन से श्रीमती हुंडैत को बताया कि इनके एवं सोलंकी जी के कमरे का ताला टुटा हुआ है, तब 21 अक्टूबर को श्रीमति हुंडैत रात्रि में रायगढ़ घर आकर देखी तो मकान का ताला टुटा हुआ था, घर के अलमारी में रखा लगभग 8000 रू नगदी रकम एवं एक सोने की पुरानी अंगुठी तथा घटना सोलंकी के कमरे से लगभग नगदी 30000 रू, दो नग ट्रावेलिंग बैग, कूकर जुमला किमती लगभग 50000 रूपये को कोई अज्ञात चोर 19 से 20 अक्टूबर के दरम्यानी रात चोरी कर ले गया था, चोरी के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 412/18 धारा 457,380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### रेंगालपाली बेरियर में सीईओ नितेश ने पकड़े 3 लाख रूपए

रायगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार इन दिनों रेंगालपाली बेरियर पर सघन चौकसी किया जा रहा है ताकि समीपस्थ राज्य से आ रहे लोग चुनाव दरम्यान किसी घटना को अंजाम न दे सके। इस तथ्य के मद्देनजर विगत दिनांक को पुसौर जनपद सीईओ नितेश उपाध्याय का ड्यूटी लगा था जिसमें आने जाने वाले सभी वाहनों का इनके द्वारा तलाशी ली जिसमें एक कार पर नगद 3 लाख लेते हुये पकड़ा। सबंधित व्यक्ति द्वारा 3 लाख रूपये का नगद भुगतान किए जाने का हवाला देने के साथ साथ संबंधित बील व्हाउचर दिखाने के बाद ही उसे छोडा गया। उल्लेखनीय है कि आचार संहिता अंतर्गत कोई भी व्यक्ति 49 हजार रूपए से अधिक अपने साथ लेकर कहीं जा नहीं सकता इससे अधिक राशि होने पर उसे उसके स्पष्टीकरण देने होंगें।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। 22 अक्टूबर को थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा गेरवानी जंगल में एक व्यक्ति कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने हेतु बैठे होने की मुखबिर सूचना पर मौके पर जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।

## भाजपा के स्टार प्रचारक योगी, ड्रीम गर्ल हेमा सभा करने आएंगे बिलासपुर

बिलासपुर। विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए स्टार प्रचारकों का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत फिल्म स्टार हेमामालिनी और राष्ट्रीय नेताओं के यहां आने की खबर है। 12 से 15 नवंबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की उम्मीद है। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय ने छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार और सभा के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची तय की है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और फिल्म स्टार हेमा मालिनी भी बिलासपुर में प्रचार करने के लिए आएंगे। हालाकि अभी कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। दीपावली के बाद 12 से 15 नवंबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिलासपुर आगमन हो सकता है। हालाकि अभी कार्यक्रम तय नही हुआ है। इसके अलावा बिलासपुर संभागीय मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह, व राष्ट्रीय नेताओं के आने के भी संकेत हैं। भाजपा जिला संगठन के पदाधिकारियों की मानें तो स्टार प्रचारकों में अभी प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और फिल्म स्टार की सभा शामिल है।



## गुलाबी ठंड की दस्तक के साथ स्वाईन फ्लू का खतरा

### गिरता पारा मौसमी बीमारी समझ अनदेखा पड़ सकता है भारी

रायगढ़। जिले में बीते चार महीने में कई लोगों की डायरिया, मलेरिया व डेंगू की चपेट में आ चुके है। आलम यह रहा कि इस बीमारी के कारण जिले की राजनीति उबाल पर रही। जिस डेंगू का प्रकोप लोगो को पड़ा था उसी तरह इसका दंश जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को भी झेलना पड़ चुका है। डेंगू के तांडव के बाद अब लोगों को स्वाइन फ्लू का डर सता रहा है। जिसका मुख्य कारण मौसम में बदलाव है। इस बदलते मौसम के कारण शाम होते ही गुलाबी ठंडक का एहसास होने लगता है। विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम में बदलाव आते ही स्वाइन फ्लू के वायरस भी सक्रिय हो रहे हैं। वही यह बदलाव लोगों में सीधे सीधे असर कर रहा है। जिसका नतीजा यह है कि सर्दी बुखार वाले मरीजों को एतिहायत के तौर पर स्वाइन फ्लू की जांच डाक्टर कर रहे है। कुल मिलाकर ठंड के मौसम में ऐसे बीमारी से एहतियात बरतना निहायत ही जरूरी हो गया है। डेंगू के मुकाबले के लिए देर से जागे स्वास्थ्य अमले के लिए अब स्वाइन फ्लू की चुनौती का सामना करना होगा।



#### सर्दी-खांसी होने पर रहें सतर्क

मौसम के उतार चढ़ाव के बीच लोगों की तबियत बिगड़ रही है। ज्यादातर लोग सर्दी-खांसी से ग्रसित हो रहे हैं। सर्दी-खांसी होने पर अतिरिक्त सावधानी बरतना जरूरी है। सांस लेने में तकलीफ होने लगे या तेज बुखार हो तो अस्पताल जाकर जांच कराना चाहिए। क्योंकि ज्यादातर मामले में ऐसी स्थिति स्वाइन फ्लू का संकेत देती है।

#### इलाज चुनौती से कम नहीं

जिले में स्वाइन फ्लू होने पर जरूरी इलाज की सुविधा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग अभी भी स्वाइन फ्लू के जरूरी टेस्ट के लिए दिल्ली व अन्य महानगरों पर निर्भर है। इसके अलावा पाजीटिव मरीजों का इलाज राजधानी समेत बड़े अस्पतालों में ही संभव है। ऐसे में जिले में किसी को स्वाइन फ्लू हो गया तो ऐसे मरीजों को लिए सबसे बड़ी दिक्कत जांच और इलाज की होगी। आर्थिक रूप से कमजोर या मध्यमवर्गीय परिवार के लिए बड़े अस्पतालों में इलाज कराना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

## सुकमा: चुनावी ड्युटी में तैनात बीएसएफ जवान की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत




सुकमा. प्रदेश में होने वाले विधानसभा में सुरक्षा व्यवस्था के सेना के जवानों के बुलाया गया है. जिले में तोंगपाल के पास पोटाकेबिन में चुनावी ड्यूटी में तैनात एक बीएसएफ के जवान की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ का जवान मुख्य आरक्षक महेंन्द्र सिह चुनाव में स्पेसल ड्युटी के लिए बुलाया गया था. घटना की पुष्टि तोंगपाल टीआई विजय पटेल ने किया है. मिली जानकारी के मुताबित ड्युटी में तैनात जवान जब सुबह बाथरुम गया तो वहां काफी देर तक बेहोश पड़ा रहा. इसके बाद जब सुबह दूसरा जवान वहां गया तो घटना की जानकारी फौरन ही उच्चाधिकारियों को दिया.

## कांग्रेस के दावेदारों की धड़कने बढ़ी, 26 अक्टूबर को हो सकती है प्रत्याशियों की घोषणा

**रायगढ़ से डॉ. राजू अग्रवाल के नाम पर रही दिनभर चर्चा**

**खरसिया से उमेश, धरमजयगढ़ से लालजीत सिंह और लैलूंगा से सुरेन्द्र सिह की टिकट फाइनल होनें की खबर**

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर 72 सीटों पर सहमति बनाने के लिए आज हुए दिल्ली में कांग्रेस केंद्रीय चुनाव कमेटी की बैठक को लेकर दिनभर शहर में प्रत्याशी की घोषणा को लेकर काफी गहमागहमी देखी गई। लोगों को लग रहा था कि आज रायगढ़ से कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा हो जाएगी। लेकिन इस बैठक में 72 सीटों पर सहमति बननी थी, लेकिन सहमति नहीं बन सकी है जिस कारण दुबारा पैनल बनाकर कमेटी की बैठक की जाएगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की बैठक फिर से 26 अक्टूबर को हो सकती है. जिसके बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। अगर बात करें रायगढ़ विधानसभा सीट की तो यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में डॉ. राजू अग्रवाल का नाम सबसे पहले आ रहा है। वहीं पूर्व विधायक डॉ. शक्राजीत नायक के पुत्र प्रकाश नायक, कृष्ण कुमार गुप्ता, मुरली अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के नामों पर भी काफी चर्चा हो रही है। आज पूरे दिन भर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर शहर में जगह-जगह चर्चा हो रही थी। बहरहाल अब 26 अक्टूबर को होने जार रही कांग्रेस केंद्रीय चुनाव कमेटी की बैठक में यह साफ हो जायेगी की रायगढ़ से कौन प्रत्याशी होगा। वहीं एक निजी टीवी चैनल के मुताबिक खरसिया विधानसभा से उमेश नंदकुमार पटेल और धरमजयगढ़ से लालजीत सिंह राठिया को कांग्रेस पुनः चुनावी मैदान में उतार रही है। वहीं लैलूंगा से सुरेन्द्र सिंह पर दांव लगा रही है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों ने वृह्द मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया

रायगढ़। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आवाज जरूरी है के अंतर्गत आज मिनी स्टेडियम में सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा जन-जन तक मतदान देने का संदेश देते हुए अनोखे वृहद मानव श्रृंखला का निर्माण किया साथ ही सभी ने मतदान की शपथ ली।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने कहा कि देश को सशक्त बनाने के लिए यह जरूरी है कि नागरिक मतदान करें। उन्होंने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि 20 नवंबर को मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने आसपास के गांव-गांव में ग्रामवासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टी.के .टोण्डर, डीपीएम गनपत नायक एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन उपस्थित थे।

## शरद पूर्णिमा के अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ आज

रायगढ़। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय भूजबंधान तालाब स्थित श्री राम मंदिर में 24 अक्टूबर बुधवार को शरद पूर्णिमा मनाया जाएगा। इस मौके पर मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन होगा तथा प्रातः 10 बजे से भजन का भी कार्यक्रम रखा गया है।



रात्रि 12 बजे पूजन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर के महंत मिथिला शरण दास ब्रम्हचारी ने सभी श्रद्धालुओं से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## नहाने गई वृद्ध महिला की डूबने से मौत

रायगढ़ । तालाब में नहाने गई अधेड़ वृद्ध महिला की डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। घटना मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र ग्राम देलारी की है। कुंदरू मति यादव पति बजरंग यादव उम्र 70 वर्ष देलारी पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की निवासी है।महिला के परिजनों के मुताबिक कुंदरू बाई रोजाना की तरह घर का कामकाज निपटाने के बाद गांव के तालाब में नहाने लगभग दोपहर 12 गई हुई थी।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931